- संगठन जैसे व्यक्तिगत उद्यमी/स्वामित्व फर्म /साझेदारी फर्म/किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ)/गैर–सरकारी संगठन (एनजीओ)/सहकारी समितियां/प्राइवेट खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की एकल इकाई के रूप में लिमिटेड कंपनियां/स्वयं सहायता समूह/एसएचजी सदस्य, जिन्होंने सूक्ष्म या छोटे खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित की हैं या स्थापित करने के इच्छुक है, वे योजना के तहत वित्तीय सहायता के लिए पात्र होंगे।

योग्य परियोजना लागत में संयंत्र और मशीनरी और तकनीकी सिविल कार्य की लागत शामिल है, लेकिन इसमें भूमिकिराये या लीज वर्क शेड की लागत शामिल नहीं है। हालाँकि, तकनीकी सिविल कार्य, परियोजना लागत का 30% से अधिक नहीं होना चाहिए, एंव लाभार्थी का योगदान परियोजना लागत का न्यूनतम 10: होना चाहिए और शेष आवश्यक निधि (सहायता अनुदान सहित) बैंक से ऋण होना चाहिए ।

क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी का लाभ उठाने के लिए व्यक्तियों की पात्रता मानदंड या पैमाना:

- योजना के तहत मौजूदा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विस्तार/उन्नयन या नए सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की स्थापना के लिए मौजूदा या नए सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों दोनों को सहायता प्रदान की जाएगी।
- जबकि जिले के ओडीओपी में पहचाने गए उत्पाद में शामिल उद्यम को प्राथमिकता दी जाएगी, मौजूदा या नए सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों दोनों के लिए, अन्य सूक्ष्म उद्यमों पर भी विचार किया जाएगा। इसलिए, ओडीओपी और गैर–ओडीओपी प्रसंस्करण उद्यम दोनों बिना किसी प्रतिबंध के पात्र हैं।
- व्यक्तिगत आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। आवेदक की कोई न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आवश्यक नहीं है।
- आवेदक के पास उद्यम का मालिकाना हक होना चाहिए।
- एक परिवार से केवल एक ही व्यक्ति वित्तीय सहायता प्राप्त करने का पात्र होगा। इस प्रयोजन के लिए "परिवार" में स्वयं, पति/पत्नी और बच्चे शामिल होंगे ।

सूक्ष्म उद्यम योजना / PMFME गतिविधियों की सूची योजना के तहत सहायता के लिए पात्र नहीं है:

- असंसाधित बाजरा/अनाज/मसाले आदि का व्यापार और बिक्री।
- असंसाधित या उन्नत दूध (दूधध्दही की बिक्री)
- फलों और सब्जियों का व्यापार और बिक्री
- असंसाधित लघु वन उत्पाद का व्यापार और बिक्री
- मधुमक्खी पालन/शहद की खुली बिक्री
- तेल की खुली बिक्री, व्यापार और रीपैकेजिंग
- मूंगफली, अरेकॉन्ट का व्यापार और बिक्री (अपवाद: निर्यात किस्म के किसी भी प्रस्ताव की समीक्षा मामले–दर–मामले के आधार पर की जाएगी। राज्य सरकार को ऐसे मामलों के लिए एमओएफपीआई से पूर्व अनुमोदन लेना होगा।)
- मुर्गी पालन, सुअर पालन, बकरी पालन या जानवरों की कोई अन्य पालन–पोषण गतिविधि
- ताजी मछली/मांस/चिकन आदि का व्यापार और बिक्री,
- विनिर्माताओं के उत्पादों की रीपैकेजिंग
- कैंटीन, किराना, होटल, टिफिन सेवाएँ, रेस्तरां या कोई अन्य खाद्य सेवा उद्यम

पीएमएफएमई के तहत सामान्य बुनियादी ढांचे को समर्थन

आवेदक संगठन को पात्र परियोजना लागत के 35% की दर से क्रेडिट–लिंक्ड पूंजी सब्सिडी प्रदान की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा 3 करोड़ रुपये है, जिसमें संयंत्र ,मशीनरी और तकनीकी सिविल कार्यों की लागत शामिल है। लेकिन भूमि / किराये या लीज वर्क शेड की लागत शामिल नहीं है। हालाँकि, तकनीकी सिविल कार्य पात्र परियोजना लागत का 30% से अधिक नहीं होना चाहिए।

केंद्रित समूह

- इसमें किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ)/ किसान उत्पादक जैसे संगठन काम करते है।
- कंपनियां (एफपीसी) / सहकारी समितियां / स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) और इसकी फेडरेशन सरकारी एजेंसियां, जिन्होंने खाद्य प्रसंस्करण लाइन स्थापित की है या स्थापित करने का उद्देश्य रखती है।
- सामान्य बुनियादी ढांचे/मूल्य श्रृंखला/ऊष्मायन केंद्रों के साथ–साथ योजना के इस अंश के अनुसार वित्तीय सहायता समर्थन के लिए पात्र होंगे
- आवेदक संगठन का योगदान परियोजना लागत का न्यूनतम 10% होना चाहिए और शेष आवश्यक धनराशि (सहायता अनुदान सहित) बैंक से ऋण होना चाहिए।

सामान्य बुनियादी ढांचे की स्थापना के लिए समूहों की पात्रता मानदंडः

कुल पात्र परियोजना लागत रुपये 10 करोड़ से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक संस्था के न्यूनतम टर्नओवर एवं अनुभव की कोई पूर्व शर्त नहीं होगी।

ओडीओपी या गैर–ओडीओपी दोनों के प्रस्ताव को सहायता दी जाएगी। पोर्टल पर आवेदन करने से पहले, आवेदक संगठन को परियोजना के वित्त के साधनों में परिकल्पित ऋण के लिए ऋण देने वाले बैंक से सैद्धांतिक अनुमोदन भी प्रस्तुत करना आवश्यक है।

पीएमएफएमई के इस योजना के तहत सहायता प्राप्त सामान्य बुनियादी ढांचे के साथ–साथ प्रसंस्करण लाइन की पर्याप्त क्षमता अन्य इकाइयों और जनता द्वारा किराये के आधार पर उपयोग के लिए उपलब्ध होनी चाहिए।

बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत करने के बाद विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए आवेदक संगठनों को प्रति मामले 50,000/– रुपये दिये जाएंगे। योजना के इस घटक के लिए जिला संसाधन व्यक्ति (डीआरपी) को शामिल करना अनिवार्य नहीं है।

योजना घटकः

- फार्म–गेट पर कृषि उपज की परख, छंटाई, ग्रेडिंग, गोदाम और कोल्ड स्टोरेज के लिए परिसर का होना।
- कृषि और संबद्ध उपज के प्रसंस्करण के लिए सामान्य प्रसंस्करण की सुविधा ।

इन्क्यूबेशन सेंटर में एक या एक से अधिक उत्पाद लाइनें शामिल होनी चाहिए, जिनका उपयोग छोटी इकाइयों द्वारा अपनी उपज के प्रसंस्करण के लिए किराये के आधार पर किया जा सकता है। इन्क्यूबेशन सेंटर का उपयोग आंशिक रूप से प्रशिक्षण उद्देश्य के लिए किया जा सकता है। साथ ही इसे व्यावसायिक आधार पर चलाया जाना चाहिए.

आवश्यक जानकारी/दस्तावेज

- उद्यम का नाम
- कृषि–खाद्य उत्पाद
- आवेदक/आवेदकों के केवाईसी दस्तावेज
- प्रशिक्षण प्रमाण पत्र यदि हो तो

पीएमएफएमई योजना के लिए आवेदन कैसे करें:
एसएनए के डीआरपी से संपर्क करें

पूरे झारखंड में डीआरपी की सूची इस प्रकार है:

जिला	डीआरपी का नाम	संपर्क नंबर
बोकारो	किशोर रजक	9065520333
	राजेश कुमार महतो	9065520331
	नरेद्र शोखर	9065520334
	संजय कुमार दास	9065520332
	सुभाष चंद्र सिंह	9065520335
	मो. अबुतल्हा कमार	9065520414
	सुमीत कुमार	9065520416
	मोहन प्रसाद	9065520419
चतरा	हेमंत केसरी	9065520291
	पिंटू कुमार यादव	9471539573
	योगेश्वर मछुआ	9065520293

जिला	डीआरपी का नाम	संपर्क नंबर
	सरदार शिशुपाल सिंह	9065520299
	अरविंद कुमार	9262399507
	सुमन कुमार	9262399506
	राहुल कुमार	8709651945
	वेद प्रकाश कुमार	9065520296
	सत्येंद्र कुमार यादव	9065520294
	उमेश कुमार	9065520297
देवघर	निरज कुमार	9065520412
	उत्तम कुमार	8789476637
	राजीव रंजन	9065520405
	विक्रमादित्य कुमार	9065520411
	आलोक चंद्रा	9065520410
	अवनिकांत कुमार	9065520415
	विश्वेंद्रा	9065520413
	रसीलाल सोरेन	9056520409
	राकेश कुमार	9262399544
धनबाद	कुमारी निलू	9065520307
	तारक नाथ पॉल	9065520303
	सुरेंद्र कुमार महतो	9065520305
	सिद्धार्थ शंकर	7903543440
	पप्पू कुमार दास	9065520304
	भूदेब कुमार चोपदर	9262399538
	रेखा रानी सिंह	9065520300
	सय्यारा सुल्ताना	9262399539
	रमेश महतो	9262399541
	बबलू पांडेय	9262399517
दुमका	विनय रंजन	9065520385
	निशांत निश्चय	9065520386
	मौसमी कुमारी	9065520387

जिला	डीआरपी का नाम	संपर्क नंबर
	विंसेन्ट चोरे	9065520389
	इलिशा हेम्ब्रोम	9065520390
	सुनीला मुर्मू	9065520391
	तारा चरण मंडल	9065520393
	कुमार सुरज	9065520395
	जय प्रकाश प्रसाद	9262399522
ईस्ट सिंहभूम	मंजू मिंज	7909003788
	उदय दास	9262399515
	पुष्पम झा	9262399514
	रूपचंद हेम्ब्राम	9262399521
	मोहन सिंह होनहागा	9262399518
	राधे श्याम गोप	9262399519
	अमित कुमार	9262399524
	चंदा मुखी	9262399520
	किसन मुरी	9262399523
	दयाल बनर्जी	9065520326
गढ़वा	अशीष कुमार सिंह	9065520322
	महेंद्रा विश्वकर्मा	9262399511
	रवि कुमार	9065520320
	विवेकानंद पांडेय	9065520319
	पंकड कुमार गुप्ता	9065520318
	जीतेंद्र कुमार	9065520317
	आशीष कुमार	9507560536
	मदन कुमार	9065520339
	महेंद्रा प्रसाद	9065520321
	विनोद कुमार दास	9065520338
	अशर्फी कुमार	9065520337
	सुमीत कुमार	9065520336
	हिरानंद कुमार	9065520451

जिला	डीआरपी का नाम	संपर्क नंबर
	अरविंद कुमार	9065520325
	राजकिशोर सिंह	9065520324
	उमेश उरांव	9065520323
	प्रवीन कुमार मिश्रा	9262399513
	चंद्रेश कुमार मिश्रा	9262399512
गिरिडीह	अविनाश कुमार	9065520461
	दीपक पांडये	9262399542
	रजनी रंजन राजीव	9065520460
	रंधीर कुमार	9065520459
	अनील कुमार यादव	9065520457
	सुभाष कुमार रंजन	9065520453
	संतोष कुमार वर्मा	9065520452
	रीना कुमारी	8521915539
	उमा वर्मा	9065520454
	मुकेश कुमार वर्मा	9065520458
	राजेंद्र प्रसाद वर्मा	9065520455
	चंद किशोर हंसदा	9065520456
	मिथिलेश कुमार वर्मा	9065520241
	मिस्तौल हक	9262399540
गोड्डा	ब्यूटी बसंती हेम्ब्रोम	9065520398
	अभय कुमार	9065520400
	गौतम कुमार	9065520402
	पुरुषोत्तम कुमार	9065520401
	प्रदीप कुमार हेम्ब्रोम	9065520399
	टेकलाल कुमार दास	9065520396
	अजय मंडल	9065520403
	आदित्य कुमार	9065520404
	पंकज कुमार महतो	9065520397

जिला	डीआरपी का नाम	संपर्क नंबर
गुमला	सुरज कुमार	9334235018
	शशीभूषण साहू	9065520380
	रोहित सारंगी	9065520375
	हरे कृष्ण साहू	9065520384
	सुरज महतो	9065520374
	अजय मोहन प्रसाद	9065520377
	अमृता कच्छप	9065520382
	प्रवीण लकड़ा	9065520381
	बिमला कुमारी	9065520376
	गंदूर उरांव	9065520379
	प्रमोद उरांव	9065520378
हजारीबाग	श्रीश पति त्रीपाठी	9065520275
	संजीत कुमार	9065520272
	असीम रंजन	9065520270
	जय कुमार	9065520277
	भूषण तीग्गा	9065520273
	घनी रजा अंसारी	9065520278
	सुरेश चंद्रा महतो	9065520268
	अश्फाक अहमद	9065520271
	छोटीलाल प्रसाद	9065520280
	अनीश रंजन	9065520279
	अनीश कुमार गुप्ता	9065520276
	सुभाष कुमार	9065520274
	आकाश रजक	9262399529
जामताड़ा	प्रदीप चंद्रा पंडीत	9065520407
	मिथिलेश कुमार रे	9065520406
	विजय कुमार शर्मा	9065520417
	राम प्रसाद चोपदर	9065520418
	शैलेंद्र हेम्ब्रोम	9262399532

जिला	डीआरपी का नाम	संपर्क नंबर
खुंटी	अतेन बिस्वायसी टोपनो	9065520231
	किरण लता भेंगड़ा	9065520232
	आशीष वर्मा	9065520233
	संतोष कुमार सोनी	9065520234
	पंकज कुमार शर्मा	9065520235
	जॉन हास्सा	9065520236
	इमानउल मुंडा	9262399505
कोडरमा	अघानु उरांव	9065520373
	अशुतोष कुमार सिंहा	9262399527
	अवीनाश मिश्रा	9262399526
	अभीषेक कुमार	9262399525
	मनोरंजन कुमार शर्मा	9262399509
	अजय कुमार	9262399508
	लेखराज दास	9262399528
लातेहार	अभीषेक कुमार गुप्ता	9065520422
	अकिंत कुमार	9065520423
	अनु कुमारी	9065520424
	अश्मिता खलखो	9065520425
	अतुल कुमार गुप्ता	9065520426
	पार्वती कुमारी	9065520427
	सुमन बारा	9065520428
	विजय कुमार पासवान	9065520421
	रोहित कुमार गुप्ता	9065520369
लोहरदगा	अंजन बारा	9065520256
	अशीफ अहमद	9065520262
	सुरज उरांव	9065520267
	सुनीति खाखा	9065520264
	अक्राजबीन खानम	9065520265
	शेखर कुमार	9065520261

जिला	डीआरपी का नाम	संपर्क नंबर
	रवि शंकर राम	9065520266
	झरना कुमारी	9065520263
पाकुड़	जगन्नाथ बस्की	7875746261
	प्रवीण कुमार होरो	9262399536
पलामु	चंद्रकांत पांडये	9065520350
	कमलेश सिंह	9065520341
	कृष्ण कुमार	9122333009
	आनंद कुमार पांडेय	9065520362
	सोनल कुमार शर्मा	9065520360
	अजीत कुमार	9065520361
	मुकेश राम	9065520356
	सुर्य नारायण हरिवंश प्रसाद	9065520353
	विकास कुमार सिंहा	9065520355
	विजय कुमार सोनी	9065520343
	राजेंद्र सिंह	9065520345
	अमित कुमार1 (पीपरा)	9065520351
	संजीव प्रजापति	9065520359
	राजा शाह	8709835997
	अरविंद कुमार	9065520357
	पंकज कुमार सिंह	9065520342
	अनुज कुमार रंजन	9065520358
	अमित कुमार 2	9065520347
रामगढ़	अभिषेक कुमार	9065520285
	भूषण कुमार दांगी	9065520287
	सुरेश कुमार महतो	9065520284
	रवि कुमार	9065520283
	विजय कुमार मुंडा	9065520286
	गंगा मुंडा	9262399546

जिला	डीआरपी का नाम	संपर्क नंबर
रांची	राकेश रंजन	7004147625
	मो. साजीद परवेज	9065520253
	बिंदू कुमारी	9065520246
	प्रभात कुमार	9065520251
	शबनम निशी कुजूर	9065520244
	सोनू सुशांत एक्का	9065520245
	शेखर प्रसाद	9065520240
	समीत कुमार लाहा	9065520255
	कुमार पल्लव	9065520248
	मीरा कुमारी	9065520243
	सुमन कुमारी	9262399545
साहिबगंज	देओब्रत कुमार	9065520260
	गौरी शंकर	9065520444
	मो. मोहिबुर रहमान	9065520443
	सुशील हंसदा	9065520439
	राजीव कुमार वर्मा	9065520440
	उदय कुमार राम	9065520445
	कुमारी रश्मी	9065520442
	कान्हे कुमार गोंद	9262399534
सरायकेला	इडलीन भुटकुवर	9065520429
	अभिजीत परमानीक	9065520433
	अराधना कुमार पाती	9065520438
	बिदेस चंद्र सोरेन	9065520436
	चंदन कुमार दुबे	9065520435

जिला	डीआरपी का नाम	संपर्क नंबर
	मनोज कुमार उरांव	9065520434
	प्रकाश महतो	9065520432
	उदय माहली	9065520431
	सुनील कुमार कुश्वाहा	9065520437
सिमडेगा	आशीष कोंगारी	9065520258
	किम्मी कुमारी	9065520371
	उषा केरकेट्टा	9065520364
	राजेन पॉल बारा	9065520370
	लक्ष्मण साहू	9065520366
	ऋतु रानी	9065520367
वेस्ट सिंहभूम	राजरानी मेलगंडी	9065520329
	मीलनबाती पान	9065520289
	शकुनतला मुंडा	9065520327
	गंगा सोरेन	9065520288
	बेला लुगुन	9065520312
	नेहा गुप्ता	9065520309
	विकास कुमार झा	9065520328
	राजू खानदियत	9065520314
	रोबिन मुंडा	9065520316
	अलेक कुमार शाह	9065520310
	सीदुउ बारी	9065520290

पीएमएफएमई की पेशकश

घटक	सहायता / सब्सिडी	पात्रता	स्वयं का योगदान
उद्यमों के लिए क्रेडिट लिंक सब्सिडी	10 लाख तक के पूंजीगत व्यय पर 35% सब्सिडी (जबकी अधिकतम 30% सिविल कार्य और मशीनरी के लिए दी जा सकती है)	**सार्वभौमिक** हालाँकि बेरोजगार युवाओं और महिला उद्यमियों पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करें	10%
सामान्य बुनियादी ढांचे के लिए क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी	3 करोड़ तक के पूंजीगत व्यय पर 35% सब्सिडी (वहीं इसमें अधिकतम 30% सिविल कार्य और मशीनरी के लिए दी जा सकती है)	एसएचजी और एफपीओ	10%

पीएम विश्वकर्मा

उद्देश्य:

पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य यह है कि कारीगरों और शिल्पकारों के कौशल वृद्धि, आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने, किफायती ऋण और डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देकर उनकी गुणवत्ता, उत्पादकता और बाजार के अवसरों को बढ़ाने के अंतिम लक्ष्य के साथ सशक्त बनाना है जिससे उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति में वृद्धि हो।

इसके फायदे:

मान्यता प्राप्त पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और आईडी कार्ड

टूलकिट प्रोत्साहन:

- बुनियादी प्रशिक्षण की शुरुआत में कौशल मूल्यांकन के बाद लाभार्थी को 15,000 रुपये प्रदान किए जाएंगे। साथ ही लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि वितरित की जाएगी।
- डिजिटल गाइड और वीडियो ट्यूटोरियल विश्वकर्माओं को आधुनिक उपकरणों का कुशलतापूर्वक उपयोग करने, उसके उत्पादकता और उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायता करते हैं।

ऋण सहायता:

किश्त	ऋण राशि	ब्याज दर	ब्याज दर
पहला – बुनियादी प्रशिक्षण	1 लाख	5%	18 माह
द्वितीय उन्नत प्रशिक्षण	2 लाख	5%	30 माह

ऋण सहायता की कुल राशि रु. 3,00,000/– है । जिसमें, लाभार्थी 1,00,000/– रुपये तक की पहली ऋण किश्त का लाभ उठा सकते हैं। और दूसरी ऋण किश्त 2,00,000/– रुपये तक।

पात्रता:

- हाथों और औजारों से काम करने वाले और स्व–रोजगार के आधार पर असंगठित या अनौपचारिक क्षेत्र में परिवार–आधारित पारंपरिक व्यवसायों में से एक में संलग्न एक कारीगर या शिल्पकार, पीएम विश्वकर्मा के तहत पंजीकरण के लिए पात्र होंगे।
- पंजीकरण की तिथि पर लाभार्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए।
- लाभार्थी को पंजीकरण की तिथि पर संबंधित व्यवसायों में संलग्न होना चाहिए और स्व–रोजगार/व्यवसाय विकास के लिए केंद्र सरकार या राज्य सरकार की समान क्रेडिट–

आधारित योजनाओं के तहत ऋण नहीं लिया होना चाहिए। जैसे – पिछले 5 वर्षों में पीएमईजीपी, पीएम स्वनिधि, मुद्रा इत्यादि से ऋण नहीं लिया होना चाहिए। हालाँकि, मुद्रा और स्वनिधि के लाभार्थी जिन्होंने अपना ऋण पूरी तरह से चुका दिया है, वे पीएम विश्वकर्मा के तहत पात्र होंगे। 5 वर्ष की इस अवधि की गणना ऋण स्वीकृत होने की तिथि से की जाएगी।

- योजना के तहत पंजीकरण और लाभ परिवार के किसी एक सदस्य तक ही सीमित रहेगा। योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए, एक 'परिवार' को पति, पत्नी और अविवाहित बच्चों के रूप में परिभाषित किया गया है।
- सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति और उसके परिवार के सदस्य पात्र नहीं होंगे।

आवेदन प्रक्रिया:

i. नामांकन प्रक्रिया: मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड एवं CSCs (कॉमन सर्विस सेंटर) के सहयोग से, लाभार्थी परिवारों का नामांकन करेगा। एक केंद्रीकृत आधार–प्रमाणित पीएम विश्वकर्मा पोर्टल और मोबाइल ऐप इस प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाएगा।

ii. ऑनलाइन आवेदन: योग्य व्यक्ति जो ई–श्रम डेटाबेस में नहीं हैं, वे सीएससी या पीएम विश्वकर्मा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

आवश्यक दस्तावेज/जानकारी: लाभार्थियों को पंजीकरण के लिए अपना आधार, मोबाइल नंबर, बैंक विवरण और राशन कार्ड देना होगा। अगर किसी लाभार्थी के पास राशन कार्ड नहीं है, तो उन्हें परिवार के सभी सदस्यों के आधार नंबर उपलब्ध कराने होंगे। जिनके पास बैंक खाता नहीं है उन्हें सीएससी के माध्यम से खाता खोलने में सहायता की जाएगी।

कोई नामांकन शुल्क नहीं: पीएम विश्वकर्मा नामांकन निःशुल्क होगा। सरकार सीएससी पंजीकरण और प्रमाणपत्र/आईडी कार्ड जारी करने सहित सभी संबंधित जरूरतों का वहन करेगी।

श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग

झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसायटी

मुख्यमंत्री सारथी योजना (एमएमएसवाई)

इस योजना का मुख्य उद्देश्य क्या है:

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देकर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने का पहल किया है। झारखंड मुख्यमंत्री सारथी योजना का मुख्य उद्देश्य हर किसी को आत्मनिर्भर और कुशल बनाना है, ताकि उन्हें रोजगार से जोड़ा जा सके। चाहे वो शिक्षित हो या फिर अशिक्षित। इस योजना के तहत युवाओं के विभिन्न कौशल कार्यक्रमों में प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे रोजगार प्राप्त कर सकें या स्वरोजगार की ओर बढ़ सकें और अपने भविष्य को सवार सकें।

झारखंड मुख्यमंत्री सारथी योजना के मुख्य लाभ तथा विशेषताएं

इस योजना के प्रमुख लाभ एवं विशेषताएं कुछ इस प्रकार हैं।

- इसका लक्ष्य 18–35 वर्ष की आयु के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करना है, हालांकि BIRSA योजना के लिए आरक्षित श्रेणियों (SC/ ST/OBC) के लिए अधिकतम आयु 50 वर्ष है।
- यह प्रशिक्षण पूरी तरह से निशुल्क दिया जाएगा।
- प्रशिक्षण के बाद युवक–युवतियों को 3 माह के अंदर नियोजन नहीं होने की स्थिति में रोजगार प्रोत्साहन भत्ता भी दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री सारथी योजना हेतु योग्यताएं

- झारखंड राज्य के इच्छुक नागरिक जो भी इस योजना का लाभ उठाना चाहते हैं तो उनके पास निम्न योग्यताओं का होना अनिवार्य है।
- इच्छुक नागरिक को झारखंड राज्य का मूल निवासी होना चाहिए।
- ऐसे युवक, युवतियां जो डिग्री प्राप्त कर चुके हैं उन्हें भी इस योजना का लाभ दिया जाएगा।

आवश्यक दस्तावेज

- निवास प्रमाण पत्र
- आधार कार्ड
- आय प्रमाण पत्र
- आयु प्रमाणपत्र
- पासपोर्ट साइज फोटो
- मोबाइल नंबर

कहां करें आवेदन

हुनर पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशनं करें sdm.झारखंड.gov.in/jsdm/web/index.php/candidate_registration.

जिलों में ऑफलाइन प्रशिक्षण केंद्र – जिला श्रम कल्याण विभाग – जिला रोजगार विनिमय कार्यालय पर जाएँ।

मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत चार उपयोजनाएँ हैं

1 सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना (एसजेकेवीवाई)

क्या है इस योजना का उद्देश्य:

योजना का प्राथमिक लक्ष्य युवाओं को काम के अवसर प्रदान करना और उन्हें स्वरोजगार की संभावनाओं के लिए तैयार करना है।

कौन होंगे इसके लक्षित समूह:

अनुसूचित जनजातिया, अनुसूचित जाति, महिला, विकलांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी), और ट्रांसजेंडर

शिक्षा: प्राथमिक मैट्रिकुलेशन अनिवार्य नहीं है।

मुख्य लाभ

विभिन्न कौशल कार्यक्रमों में यह प्रशिक्षण पूरी तरह से निशुल्क दिया जाएगा। साथ ही

रोजगार प्रोत्साहन भत्ता: प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से अधिकतम एक वर्ष के लिए लड़कों को 1000/– रुपये प्रति माह और लड़कियों/ विकलांग/ट्रांसजेंडर को 1500/– रुपये प्रति माह

का भत्ता प्रदान किया जाएगा। यदि छात्रों को तीन महीने के भीतर रोजगार नहीं मिलता है।

रुपये की राशि गैरः आवासीय प्रशिक्षुओं को उनके घर से प्रशिक्षण केंद्रों तक आने–जाने के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से 1000/– मासिक परिवहन भत्ता प्रदान किया जाएगा।

2 दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र (डीडीयू-केके) (मेगा स्किल सेंटर)

लंबी अवधि के गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के लिए बड़े पैमाने के केंद्र बनाये गए है।

इसका मुख्य लाभः

विभिन्न कौशल कार्यक्रमों में प्रशिक्षणः यह प्रशिक्षण पूरी तरह से निशुल्क दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण की अवधि लंबी होगी

रोजगार प्रोत्साहन भत्ताः प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से अधिकतम एक वर्ष के लिए लड़कों को 1000/– रुपये प्रति माह और लड़कियों/विकलांग/ट्रांसजेंडर को 1500/– रुपये प्रति माह का भत्ता प्रदान किया जाएगा। यदि छात्रों को तीन महीने के अंदर रोजगार नहीं मिलता है।

रुपये की राशि गैरः आवासीय प्रशिक्षुओं को उनके घर से प्रशिक्षण केंद्रों तक आने–जाने के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 1000/– मासिक परिवहन भत्ता प्रदान किया जाएगा।

3 कॉलेज शिक्षा और शिक्षण के साथ रोजगार योग्यता उत्कृष्टता (EXCEL)

क्या है इसका उद्देश्यः

कॉलेज परिसरों में युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देना।

लक्षित समूह

इस योजना का लक्ष्य वर्ष 2023–2024 में 10,000 छात्रों को प्रशिक्षित करना है।

योजना का मुख्य लाभ

यह योजना उन उम्मीदवारों के लिए लागू की गई है, जो उच्च माध्यमिक पास कर चुके हैं, या राज्य भर में परीक्षा दे रहे हैं। उन युवाओं को कॉलेज परिसर में ही प्रशिक्षण दिया जाता है। इस योजना के अंतर्गत कॉलेजों में चल रहे पारंपरिक शिक्षा कार्यक्रमों के समानांतर कार्यक्रम चलेंगे।

राज्य भर में कॉलेज परिसरों में 12 प्रशिक्षण केंद्र होंगे।

4 ग्रामीण कौशल विकास के लिए ब्लॉक स्तरीय संस्थान (बिरसा)BIRSA

क्या है इसका उद्देश्यः

यह योजना ब्लॉक स्तर पर उम्मीदवार को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

लक्षित समूह

इस योजना का लक्ष्य वर्ष 2023–2024 के लिए 40,000 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करना है।

इस योजना के लिए आयु सीमा 18–35 वर्ष है और आरक्षित श्रेणियों (एससी/एसटी/ओबीसी) के लिए अधिकतम आयु 50 वर्ष है।

इसके मुख्य लाभः–

- यह योजना उन उम्मीदवारों को संगठित करेगी जो विभिन्न कौशल कार्यक्रमों के तहत अपने स्थानीय क्षेत्रों में कुशल होना चाहते थे।
- योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण पूर्णतः गैर–आवासीय है।
- 30 जून 2023 से परिचालन
- पाठ्यक्रम अवधि इस योजना के तहत प्रशिक्षण न्यूनतम 300 घंटे का है, जिसमें 40 घंटे आईटी और सॉफ्ट स्किल के लिए हैं।
- राज्य में 80 प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए गए हैं।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना

इस कौशल योजना का उद्देश्य भारतीय युवाओं को उद्योग प्रासंगिक कौशल में सक्षम बनाना है जो उन्हें बेहतर आजीविका प्रदान करने में मदद करना है।

मुख्य लाभ

- सभी प्रमाणित उम्मीदवारों को एकमुश्त प्रोत्साहन
- बोर्डिंग और लॉजिंग लागत समर्थन
- परिवहन लागत
- पोस्ट प्लेसमेंट वजीफा/स्कॉलरशिप
- PwD उम्मीदवारों को अतिरिक्त सहायता
- दुर्घटना बीमा
- इंडक्शन किट और प्रतिभागी पुस्तिका
- प्रशिक्षण प्रदाता को वार्षिक प्रोत्साहन
- एकमुश्त प्लेसमेंट यात्रा लागत
- कैरियर की प्रगति में सहायता
- विदेशी प्लेसमेंट के लिए विशेष प्रोत्साहन
- पोस्ट प्लेसमेंट ट्रैकिंग भत्ता

इस योजना को लेकर सरकार की तरफ से कई सारे ऐसे सहज नियम बनायें गए है, जिससे युवाओं को नौकरी मिलने और आत्मनिर्भर बनने में किसी तरह की कोई दिक्कत ना हो, यह प्रशिक्षु–केंद्रित योजना भी उन्ही में से एक है। इससे उम्मीदवारों को नौकरी की भूमिका और प्रशिक्षण केंद्र की पसंद पर एक पोर्टल/ऐप पर स्वयं–पंजीकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। डीएससी/एसएसडीएम/टीपी उन्हें पंजीकरण के लिए सक्षम बनाएंगे

"18–45 वर्ष के बीच भारतीय नागरिक (Online registration on PMKVY Portal)

श्रम विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ:

1 आम आदमी बीमा योजना

उद्देश्यः ग्रामीण क्षेत्रों में भूमिहीन परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना

योजना का प्रकारः केन्द्र प्रायोजित

आम आदमी बीमा योजनान्तर्गत प्रत्येक बीमित ग्रामीण भूमिहीन परिवार के मुखिया अर्जनकर्ता के लिए 200/– रूपये का प्रीमियम का भुगतान एल0आई0सी0 को किया जाता है। जिसमें राज्यांश मद में प्रति व्यक्ति 100/– रूपये का भुगतान एल0आई0सी0 को किया जाता है।

मुख्य लाभ

बीमाकृत व्यक्ति की दुर्घटना मे मृत्यु हो जाने पर 75,000/– रूपये दोनों अंगों के खोने पर 75,000/– रूपये एवं एक अंग के खोने पर 37,500/– रूपये तथा सामान्य मृत्यु होने पर 30,000/– रूपये का भुगतान किया जाता है।

लक्षित समूह

- प्रत्येक ग्रामीण भूमिहीन परिवार जिनके पास 50 डिसमल से अधिक जमीन न हो
- ऐसे परिवार से एक व्यक्ति को बीमा का लाभ दिया जायेगा

आवेदन कहां करें

संबंधित जिलों में सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग

विभाग- योजना-सह-वित्त

1 प्रधानमंत्री मुद्रा योजना

योजना का प्रकारः केन्द्रीय योजना

उद्देश्यः

वैसे व्यक्ति जो खुद के लिए रोजगार चाहते है, उन बेरोजगार व्यक्ति को बैंको के माध्यम से ऋण प्रदान करना।

लक्षित समूहः सभी बेरोजगार व्यक्ति

इस योजना के मुख्य लाभ तथा विशेषताएं

अधिकतम 10.00 लाख की ऋण सीमा

सभी सरकारी/प्राईवेट/ग्रामीण बैंक शामिल

मुद्रा ऋण योजना के तहत कोई न्यूनतम ऋण राशि नहीं है। पीएमएमवाई के तहत ली जा सकने वाली अधिकतम ऋण राशि रु 10 लाख है।

यदि उधारकर्ता मुद्रा ऋण लेते हैं, तो उन्हें प्रोसेसिंग शुल्क का भुगतान करने या संपर्क शुलक देने की आवश्यकता नहीं होती है।

पीएमएमवाई योजना के अनुसार मुद्रा ऋण न केवल गैर कृषि क्षेत्र के उद्यमों को दिया जा सकता है। बल्कि इसमें बागवानी और मत्स्य पालन जैसी संबद्ध कृषि गतिविधियों में लगे लोग भी शामिल हो सकते हैं।

- अधिकतम ऋण 10 लाख रु
- ऋण चुकाने की अवधि 84 महीने हैं
- ब्याज दर बैंक दिशानिर्देशों के अनुसार

लक्षित समूह

सूक्ष्म उद्यम और लघु उद्यम खंड के अंतर्गत सभी गैर–कृषि उद्यम

मैन्युफैक्चरिंग, व्यापार और सेवाओं में लगे हुए हैं उद्यम

जिनकी ऋण आवश्यकताएँ 10 लाख रुपये तक हैं।

पीएमएमवाई योजना के अंतर्गत कृषि संबद्ध गतिविधियों को भी शामिल किया गया है।

जरूरी दस्तावेज

- निवास प्रमाण पत्र
- आधार कार्ड
- निवास प्रमाण दस्तावेज (संयुक्त ऋण के मामले में)।
- बिजनेस आईडी और एड्रेस प्रूफ दस्तावेज (लाइसेंस/पंजीकरण प्रमाणपत्र/डीड कॉपी, आदि)।
- आवेदक/आवेदकों की नवीनतम तस्वीरें।
- ऋण आवश्यकता का प्रमाण, यानी, उपकरण कोटेशन, विक्रेता विवरण इत्यादि।

आवेदन कहां करें

online : https://udyanmitra-in

offline : Visit Bank PNB]SBI] Central Bank] Bank of Baroda

2 योजना का नाम प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना

योजना का प्रकारः केन्द्रीय योजना

उद्देश्यः

बीमा योजनाः सभी व्यक्तियों को दुर्घटना बीमा लाभ

लक्षित समूह

सभी व्यक्ति जिसका खाता बैंक में हो

18 से 70 वर्ष के खाताधारियों के लिए वार्षिक प्रिमियम 20/रू0

देय लाभ

दूर्घटना बीमा, दुर्घटना होने पर 2.00 लाख का बीमा

योजना के अंतर्गत दुर्घटना मृत्यु होने पर और पूर्ण विकलांगता के लिए जोखिम कवरेज 2 लाख रूपये तथा आंशिक विकलांगता पर जोखिम कवरेज 1 लाख रूपये है

कहां आवेदन करें

सभी जिला एवं प्रखण्ड में स्थित बैंक में।

योजना का नाम: प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना

योजना का प्रकारः केन्द्रीय योजना

उद्देश्य

बीमा योजना से मिले सभी व्यक्तियों को बीमा लाभ, 18 से 50 साल वार्षिक प्रिमियम 330 रु0 सभी खाताधारियों के लिए।

देय लाभ

मृत्यु होने पर 2.00 लाख का बीमा लाभ, सभी जिला एवं प्रखण्ड में स्थित बैंक।

कहां आवेदन करें

सभी जिला एवं प्रखण्ड में स्थित बैंक में।

अटल पेंशन योजना

योजना का प्रकारः केन्द्रीय योजना

उद्देश्य

पेंशन योजना एंव पेंशन लाभ

लक्षित समूह

18 से 40 वर्ष के नागरिक

60 वर्ष आयु तक 1000/– से 5000/– तक राशि जमा करना है, पेंशन सभी जिला एवं प्रखण्ड में स्थित बैंक में।

कल्याण विभाग

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना (CMEGP)

किसी भी देश की आर्थिक स्थिती में मजबूती, उस देश के राज्यों की उन्नति और उनके योगदान से ही आता है । बदलते वक्त के साथ साथ अब देश के राज्यों का स्वरूप भी बदल रहा है, और यहां के लोग भी । जिसे देखते हुए झारखंड राज्य के राजवासियों के लिए राज्य सरकार द्वारा कई तरह के जनोपयोगी कार्यक्रमों और योजनाओं का शुभारम्भ किया गया है । उन्ही में से एक है मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना। इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, और दिव्यांग युवाओं को प्रतिस्पर्धी दरों पर ऋण और ऋण सब्सिडी प्रदान करना है, ताकि वे स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही झारखंड राज्य जनजातीय सहकारी विकास निगम, झारखंड राज्य अनुसूचित जाति सहकारी विकास निगम, और झारखंड राज्य अल्पसंख्यक–वित्त और विकास निगम युवाओं को आय सृजन योजनाओं के लिए सावधि ऋण और ऋण सब्सिडी प्रदान कर रहे हैं, और यह योजना ना सिर्फ उनके स्वरोजगार को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर भी बना रहा है ।

पात्रता: 18 से 50 वर्ष की आयु के बेरोजगार युवा, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 5.00 लाख रुपये से अधिक न हो।

ऋण सहायता: 50,000/– से 25,00,000 तक

वित्तीय सहायता पैटर्न

ऋण राशि	सब्सिडी	सब्सिडी की राशि (रुपये में)
50,000 रुपये तक	40%	Rs. 20,000/-
50,001/- to Rs. 2,50,000/-	40%	Rs. 20,000/- to Rs. 1,00,000/-
Rs. 2,50,001/- to Rs. 5,00,000/-	40%	Rs. 1,00,000/- to Rs. 2,00,000/-
Rs. 5,00,001/- to Rs. 10,00,000/-	40%	Rs. 2,00,000/- to Rs. 4,00,000/-
Rs. 10,00,001/- to Rs. 25,00,000/-	40%	Rs. 4,00,000/- to अधिकतम Rs. 5,00,000/-

ऋण के लिए ब्याज दर 6% प्रति वर्ष है। ब्याज की गणना सब्सिडी राशि घटाने के बाद प्राप्त ऋण की राशि पर की जाएगी।

गारंटर

- 50,000 रुपये तक की योजनाओं के लिए गारंटर की आवश्यक नहीं ।
- 50,000 रुपये से अधिक की योजनाओं के लिए एक गारंटर की आवश्यकता है ।

गारंटर की पात्रता

गारंटर किसी सरकारी/अर्ध–सरकारी/निजी संगठन में कार्यरत/सेवानिवृत्त कर्मचारी या निर्वाचित/पूर्व–निर्वाचित जन प्रतिनिधि/आयकर दाता हो सकता है ।

या फिर

प्लांट एवं मशीनरी तथा वाहन से संबंधित ऋण के मामले में ऋण की गारंटी के रूप में केवल दृष्टिबंधन ही मान्य होगा।

या

चल/अचल संपत्ति की गारंटी के रूप में प्रावधान:

विभाग के अधीन संचालित निगमों द्वारा गारंटी के रूप में लाभार्थियों से ऋण राशि के बराबर चल/अचल संपत्ति भी प्राप्त की जा सकती है।

पात्रता मानदंड आवश्यक दस्तावेज

- आवेदक की आयु 18 – 50 वर्ष
- आवेदक झारखण्ड राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए। तथा इससे संबंधित ऑनलाइन जारी प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा।

- झारखंड राज्य से जारी आय प्रमाण पत्र
- ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आवेदक की वार्षिक पारिवारिक आय 5 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।
- आवेदक सरकारी/अर्धसरकारी सेवा में नहीं होना चाहिए। इस संबंध में स्व–घोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा।
- आवेदक ने पूर्व में किसी सरकारी अर्धसरकारी संस्थान से ऋण सब्सिडी का लाभ न लिया हो, तथा किसी बैंक अथवा वित्तीय संस्थान का डिफॉल्टर न हो। इस संबंध में स्व–घोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा।
- आवेदक को आधार कार्ड की फोटोकॉपी / आयु प्रमाण पत्र / बैंक खाता विवरण (बैंक खाता पासबुक का पहला पृष्ठ) प्रदान करना अनिवार्य होगा।
- 50,001/– रुपये से अधिक के ऋण के लिए एक परियोजना प्रस्ताव देना होगा। प्रस्ताव में आवेदक को यह जानकारी भी साझा करना अनिवार्य होगा कि 1.50 लाख रुपये के निवेश पर उसके व्यवसाय में (वाहन ऋण को छोड़कर कितना रोजगार उत्पन्न हो सकता है। किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ जैसे शराब हरिया तारी आदि से संबंधित व्यवसायिक प्रस्ताव, जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं, जैसे पॉलिथीन बैग/कैरी बैग/20 माइक्रोन से कम की पैकेजिंग सामग्री आदि, इस योजना के अंतर्गत शामिल नहीं होंगे।
- मार्जिन मनीः 50,000/– रुपये से अधिक की परियोजना इकाई की कुल लागत का 10% आवेदक को मार्जिन मनी के रूप में वहन करना होगा।
- यदि प्रस्तावित प्रोजेक्ट से संबंधित कोई प्रशिक्षण लिया गया हो, तो उसका प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
- वाहन ऋण के संबंध में आवेदक को ऋण पर लिये गये वाहन का पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के मामले में परिवहन विभाग के नियमों/विनियमों का पालन किया जाएगा।
- प्लांट एवं मशीनरी तथा वाहन से संबंधित ऋण के लिए आवेदक द्वारा लिए गए प्लांट एवं मशीनरी तथा वाहन को निर्धारित प्रपत्र में संबंधित निगम के नाम पर गिरवी रखना अनिवार्य होगा।
- लोन राशि के अनुसार आवेदक को लोन के एवज में गारंटी देनी होगी।
- स्वयं सहायता समूहों को आय सृजन के उद्देश्य से केवल ग्रामीण विकास विभाग के तहत कार्यात्मक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के दिशानिर्देशों और आय सृजन गतिविधियों के लिए एसएचजी को वित्तपोषण का समर्थन करने के लिए आरबीआई के प्रचलित दिशानिर्देशों के अनुसार ऋण स्वीकृत किया जाएगा।
- दिव्यांग आवेदकों के लिए दिव्यांगता प्रमाणपत्र (न्यूनतम 40%) अनिवार्य है। यदि आवेदक विकलांग है तो उस स्थिति में आवेदक के पास विकलांगता (कम से कम 40%) से संबंधित प्रमाण पत्र होना चाहिए। इस संबंध में प्रासंगिक प्रमाण पत्र प्रदान करना अनिवार्य होगा।

ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया

आवेदक को योजना का लाभ लेने हेतु ऑनलाइन आवेदन करना आवश्यक हैए जिसमें अपेक्षित दस्तावेजों को भी अपलोड करने होंगे

- आवेदक को ऑनलाइन आवेदन में जाकर रजिस्ट्रेशन करना होगा
- रजिस्ट्रेशन के बाद अपने मोबाइल नंबर और आधार नंबर के जरिए लॉगइन कर ऑनलाइन आवेदन करें

ऑनलाइन आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची

- आवेदक का फोटो
- आवासीय प्रमाण पत्र – ऑनलाइन निर्गत
- जाति प्रमाण पत्र – ऑनलाइन निर्गत
- आय प्रमाण पत्र – ऑनलाइन निर्गत
- आवेदक के आधार और पैन कार्ड की प्रति

- बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की प्रति
- योजना प्रस्ताव की प्रति– वाहन ऋण को छोड़कर 50 हजार रुपये से अधिक के ऋण पर
- रु 10 लाख और उससे अधिक के व्यवसाय ऋण के लिए आकलन की रिपोर्ट (Due Deligence Report)
- प्रशिक्षण प्रमाणपत्र अगर आपके पास है तो
- स्व.घोषणा पत्र –दिए गए प्रारूप में स्टाम्प पेपर पर
- गारंटर प्रमाणपत्र की हस्ताक्षरित प्रति – वाहन ऋण को छोड़कर 50 हजार रुपये से अधिक के ऋण पर
- गारंटर के आधार और पैन कार्ड की प्रति
- गारंटर की वेतन पर्ची या आईटी रिटर्न की प्रमाणित प्रति

झारखंड राज्य जनजातीय सहकारी विकास निगम लिमिटेड

1 आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना

आदिवासी महिलाओं के लिए आदिवासी महिला सशक्तीकरण योजना की शुरूआत की गई है। ताकी आदिवासी महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाया जा सके। इसे सरकार की एक बेहतर पहल या कदम कह सकते है। यह अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के आर्थिक विकास के लिए एक विशेष रियायती योजना है।

राज्य चौनलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से इकाई की आवश्यकता के आधार पर ऋण दिया जाता है। इसके लिए लाभार्थियों को एनएसटीएफडीसी के पात्रता मानदंडों को पूरा करना होगा और एससीए द्वारा ऋण देने के नियमों और शर्तों का पालन करना होगा।

प्रति यूनिट Rs. 2.00 लाख तक ऋण दिया जाएगा । जिसकी ब्याज दर 4% होगी

ऋण को स्थगन अवधि सहित अधिकतम 5 वर्ष की अवधि के भीतर तिमाही किस्तों में चुकाना होगा। पुनर्वित्त के मामले में इसे बैंकों द्वारा निर्धारित पुनर्भुगतान अवधि से जोड़ा जाएगा।

आवेदन कैसे करें:

- विभाग का नामः– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (कल्याण विभाग)
- परियोजना निदेशक, आई. टी. डी. ए. से संपर्क करें

2 आदिवासी वनवासी सशक्तिकरण योजना

अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक वन निवासियों को निवास औरध्या स्वयं–खेती के लिए या आजीविका उत्पन्न करने के लिए किसी अन्य पारंपरिक गतिविधि के लिए वन भूमि रखने का अधिकार दिया गया है। जनजातीय वनवासी सशक्तिकरण योजना का उद्देश्य जागरूकता पैदा करना, लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करना, भूमि के उत्पादक उपयोग की सुविधा के लिए अनुसूचित जनजाति वनवासियों को एनएसटीएफडीसी की रियायती वित्तीय सहायता देना, बाजार लिंकेज में सहायता करना आदि है। एक अनुसूचित जनजाति, जिसे वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत भूमि का अधिकार प्राप्त है, इस योजना के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र है।

आवेदन कैसे करें:

- विभाग का नामः– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (कल्याण विभाग)
- परियोजना निदेशक, आई. टी. डी. ए. से संपर्क करें

3 सूक्ष्म-ऋण योजनाएं - आवेदन कैसे करें:

यह योजना एसएचजी के पात्र अनुसूचित जनजाति के सदस्यों को आय सृजन गतिविधियां शुरू करने के लिए छोटे ऋण प्रदान करने के लिए है।

राज्य चौनलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से एसएचजी की आवश्यकता के आधार पर ऋण प्रदान किए जाते हैं। इसके लिए लाभार्थियों/एसएचजी को एससीए के पात्रता मानदंडों को पूरा करना होगा और एससीए

द्वारा ऋण देने के नियमों और शर्तों का पालन करना होगा।

एनएसटीएफडीसी प्रति सदस्य Rs. 50,000/– और प्रति एसएचजी अधिकतम Rs. 5.00 लाख तक का ऋण प्रदान करता है।यदि एससीए मार्जिन/धन/सब्सिडी प्रदान करने में सक्षम नहीं हैं, तो एनएसटीएफडीसी आवश्यक धनराशि का 100% तक ऋण के रूप में प्रदान कर सकता है।

4 ट्राइफेड के पैनल में शामिल कारीगरों को सहायता

देश भर के कारीगरों को सुविधा प्रदान करने के लिए एनएसटीएफडीसी ट्राइफेड के पैनल में शामिल आदिवासी कारीगरों को परियोजना से संबंधित संपत्तियों और कार्यशील पूंजी की खरीद के लिए रियायती वित्त प्रदान करता है। जिससे आदिवासी इन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं और इस प्रकार अपने उत्पादों की वैश्विक उपस्थिति बना सकते हैं।

आवेदन कैसे करें: ट्राइफेड के पैनल में शामिल होने की प्रक्रिया

ट्राइफेड के साथ कारीगरों का पैनल बनाना

कारीगरों और प्रसंस्कृत लघु वन उत्पादकों को ट्राइफेड के साथ सूचीबद्ध होना होगा –

एम्पैनलमेंट और एम्पैनेलमनेट प्रक्रिया की जानकारी के लिए संपर्क करें:

रांची के ट्राइफेड क्षेत्रीय कार्यालय में

कार्यालय का पता:

454–ए, रोड नंबर–5, अशोक नगर, रांची–834002

श्री शैलेन्द्र कुमार राजू

क्षेत्रीय प्रबंधकर्ता

मोबाइल: 9431357391

पात्रता मानदंड

व्यक्तिगत आदिवासी कारीगर, आदिवासी एसएचजी/एफपीओ, आदिवासियों के लिए काम करने वाले सरकारी संगठन/एजेंसियां, आदिवासियों के साथ काम करने वाले गैर सरकारी संगठन शामिल हैं और जहां समूहध्संगठन में शामिल व्यक्तियों में से कम से कम सत्तर प्रतिशत (70%) आदिवासी हैं।

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा

योजना का नाम इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना

योजना का प्रकार केन्द्र योजना

इसमें पात्रता के मुख्य बिन्दु

60 वर्ष से उपर के वैसे सभी लाभूकों जो **वृद्ध** के श्रेणी में आते है.. उन्हें इस योजना का लाभ दिया जाता है।

लक्षित समूह: वृद्ध व्यक्ति

देय लाभ

- 600/– माह प्रतिमाह
- अंचल कार्यालय/ सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा

योजना का नाम आदिम जनजाति पेशन योजना

योजना का प्रकार: राज्य योजना

इसमें पात्रता के मुख्य बिन्दु

राज्य के 9 जनजाति समूहों– असूर, बिरहोर, बिरजिया, कोरवा, माल पहाड़िया, सौरिया पहाड़िया एवं सबर को आदिम जनजाति में शामिल किया गया है। इन्ही को ध्यान में रखते हुए कल्याणा विभाग द्वारा आदिम जनजाति पेंशन योजना चलाई जाती है।

लक्षित समूह: आदिम जनजाति

देय लाभ

- 600/– माह प्रतिमाह
- कहां आवेदन करें: अंचल कार्यालय/सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा में आवेदन कर सकते है।

योजना का नाम इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना

योजना का प्रकारः केन्द्र प्रायोजित योजना

पात्रता के मुख्य बिन्दु

इस योजना में 40–79 वर्ष की विधवा महिलाएँ जो BPL के श्रेणी में आते है। उन्हें इस पेंशन राशि का भुगतान किया जाता है।

लक्षित समूहः विधवा महिला

देय लाभः 600/– प्रतिमाह

कहां आवेदन करें: अंचल कार्यालय/सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा में आवेदन कर सकते है।

योजना का नाम इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय विकलांग पेंशन योजना

योजना का प्रकारः केन्द्र प्रायोजित योजना

इस योजना के अन्तर्गत 80% से अधिक की विकलांगता से ग्रसित वैसे व्यक्ति जो ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता और एकाधिक विकलांगता वाले व्यक्तियों जो BPL के श्रेणी में आते है, उन्हे पेंशन राशि का भुगतान किया जाता है।

देय लाभः 600/– प्रतिमाह

राष्ट्रीय परिवार हित लाभ योजना

केन्द्र प्रायोजित योजना

ये योजना राष्ट्रीय परिवार हितलाभ योजनान्तगर्त गरीबी रेखा से नीचे जीवन गुजर बसर करने वाले 18 वर्ष से 60 वर्ष की आयु के परिवार के मुख्य अर्जनकर्ता पुरुष/महिला, जिनकी मृत्यु हो जाती है, उनके आश्रितों को एक मुश्त में 20000/– बीस हजार रु का सहायता अनदुान भुगतान किया जाता है

गरीबी रेखा से नीचे जीवन गुजारने करने वाले BPL व्यक्ति

20000/– एक मुश्त

अंचल कार्यालय/सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा

मातृत्व लाभ कार्यक्रम योजना / प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना

योजना का प्रकारः केन्द्र प्रायोजित योजना

- यह योजना राज्य के सभी जिले में संचालित है।
- इस योजना का उदेश्य है कि गर्भवती एवं धात्री महिलों के स्वास्थ्य में सुधार हेतु नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान करके अनुकुल वातावरण के निर्माण में योगदान करना है।
- 19 वर्ष या इससे अधिक उम्र की महिलाओं को प्रथम दो बच्चों के लिए इस योजना का लाभ दिया जायेगा।
- स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति में सुधार हेतु मातृत्व लाभ के रुप में प्रति लाभूकों को 6000/– रुपये दो किस्तों में उपलब्ध कराया जाता है।
- आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका को सहयोग प्रदान करने के लिए क्रमशः 200/– एवं 100/– रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

लक्षित समूह

- गर्भवती एवं धात्री महिला
- गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को दो किस्तो में 6000/– रु मिलेंगे

कहां आवेदन करें:

आंगनबाड़ी सेविका

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कार्यालय/बाल विकास परियोजना कार्यालय

Contributors

Vision

- **Shri Chandra Shekhar, IAS, Secretary, Rural development Department, Govt. of Jharkhand**

Guidance

- **Shri Sandeep Singh, IAS, CEO, JSLPS, Rural development Department, Govt. of Jharkhand**

Technical Inputs

- **Praveen Singh, State Program Manager, Farm Livelihood, JSLPS, Rural Development Department, Govt. of Jharkhand**
- **Sanjay Bhagat, Program Manager, Farm Livelihood, JSLPS, Rural Development Department, Govt. of Jharkhand**
- **Ashok Kumar, Director, Transform Rural India (TRI)**
- **Md. Karimuddin Malik, Assosiate Director, Transform Rural India (TRI)**
- **Shila Matang, Transform Rural India (TRI)**
- **Deep Shikha, Transform Rural India (TRI)**

Published:2024

झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी

ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार

Conceptualized and Published by : Transform Rural India (TRI)
Address: 24, Ground floor, Community Shopping Centre
Neeti Bagh, New Delhi,110049